भारिबैं / 2005-06 /63
ग्राआऋवि.केका.क्षेग्राबैं.सं.बीएल.बीसी.19/03.05.90ए/2005-06 जुलाई 15, 2005

सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों / प्रायोजक
बैंकों के अध्यक्ष

महोदय,

बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 की धारा
23 - शाखा लाइसेंसीकरण पर मास्टर परिपत्र -क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

भारतीय रिज़र्व बैंक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को शाखाएँ / विस्तार काउंटर / कार्यालय खोलने / स्थान बदलने / समामेलन करने आदि के लिए समय-समय पर अनुदेश जारी करता रहा है । उन सभी वर्तमान अनुदेशों तथा जिनमें हाल ही में कतिपय परिवर्तन किए गए हैं, को समेकित करने के उद्देश्य से एक मास्टर परिपत्र तैयार किया गया है ताकि बैंकों को अपेक्षित सूचना एक ही जगह पर प्राप्त हो सके । इस मास्टर परिपत्र में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के शाखा लाइसेंसीकरण से संबंधित अभी तक जारी सभी अनुदेश समेकित हैं ।

कृपया हमारे संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को पावती दें ।

भवदीय

(जी.श्रीनिवासन)
मुख्य महाप्रबंधक

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के शाखा लाइसेंसीकरण पर मास्टर परिपत्र

1. विधिक (कानूनी) अपेक्षाएँ

बैंकों द्वारा शाखाएं खोलने का कार्य बैंककारी विनियमन अधिनियम , 1949 की धारा 23 के उपबंधों से शासित है । इन उपबंधों के अनुसार, बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन के बिना भारत में अथवा विदेश में कारोबार का नया स्थान नहीं खोल सकते हैं और न ही कारोबार के मौजूदा स्थान को उसी शहर, कस्बे या गांव को छोड़कर अन्यत्र ले जा सकते हैं । इस प्रकार **शाखाएं / कार्यालय खोलने से पहले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन/लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है ।**

1.1 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के संबंध में शाखा लाइसेंसीकरण संबंधी सामान्य नीति

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के निदेशक मंडल से अपेक्षा की जाती है कि वे वार्षिक कारोबार योजना एवं नये केन्द्रों पर शाखाएं खोलने के लिए कारोबार की संभावनाओं, प्रस्तावित शाखाओं की लाभप्रदता, जिन मामलों में अतिरिक्त स्टाफ पहचाना गया हो वहां उसके पुनर्नियोजन और बैंक के ग्राहकों को तत्परता से और कम खर्चीली ग्राहक सेवा प्रदान करने जैसी बातों को ध्यान में रखते हुए नयी शाखाएं खोलने के लिए नीति और कार्य योजना बनायें ।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को शाखाएँ / कार्यालय इत्यादि खोलने / विलयन स्थान परिवर्तन के लिए आवेदन करने से पहले अपने निदेशक मंडल तथा जिला परामर्शदात्री समिति के उप समूह का पूर्व अनुमोदन तथा प्रायोजक बैंकों की सिफारिशें प्राप्त करनी चाहिए । तथापि, जिला परामर्शदात्री समिति के उप समूह का अनुमोदन शाखा खोलने के लिए उस स्थिति में आवश्यक नहीं है जहाँ अतिरिक्त स्टाफ की नियुक्ति नहीं की जानी है । शाखाएं खोलने / उनका स्थान बदलने और उनके विलय का प्रस्ताव बैंककारी कंपनी नियम, 1949 के फार्म VI (नियम 12) में निर्धारित आवेदन के साथ नाबार्ड के माध्यम से ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग , केंद्रीय कार्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक (ग्राआऋवि) के अनुमोदन / लाइसेंस के लिए प्रस्तुत करना चाहिए । (अनुबंध I)

1.2 नई शाखाएं खोलने की शर्ते

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को नई शाखाएँ खोलने के लिए पात्रता हेतु निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी :-

i) उन्होंने प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात और सांविधिक चलनिधि अनुपात के रखरखाव में पिछले दो वर्षों में चूक नहीं की हो

ii) उन्होंने नाबार्ड द्वारा पिछले निरीक्षण में निर्दिष्ट बड़ी अनियमितताओं में से अधिकांश को सुधारा हो ।

iii) उनका सकल अनर्जक आस्तियों का स्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के राष्ट्रीय औसत से अधिक न हो ।

iv) पिछले दो वर्षों में बैंक ने लाभ अर्जित किया हो । हानि वाले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के मामले में, संबंधित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक प्रस्तावित शाखा द्वारा हानि कम करने के उपाय निर्दिष्ट करें तथा साथ ही प्रायोजक बैंक और नाबार्ड की सिफारिशें भी भेजें ।

v) प्रस्तावित शाखा / शाखाओं को चलाने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सामान्यतः नए स्टाफ की भर्ती न करें ।

2. शाखाएं /एरिया कार्यालय खोलना

2.1 ग्रामीण / अर्ध शहरी / शहरी और महानगरीय केन्द्रों में शाखाएँ

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक प्रस्तावित शाखाओं में कारोबार की संभावनाओं और लाभप्रदता के आधार पर शाखाएं खोलने के लिए ग्रामीण केन्द्रों (दस हजार तक जनसंख्या), अर्ध शहरी केन्द्रों (दस हजार से अधिक किन्तु एक लाख तक जनसंख्या) शहरी केन्द्रों (एक लाख से अधिक किन्तु 10 लाख तक जनसंख्या) और महानगरीय केन्द्रों (10 लाख से अधिक की जनसंख्या) की पहचान कर सकते हैं ।

टिप्पणी : ऊपर उल्लिखित जनसंख्या का मानदंड केन्द्र (राजस्व इकाई आधार होगा, न कि अवस्थिति) की जनगणना के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार होगा ।

शाखाएं खोलने के लिए बैंकों से प्राप्त अनुरोध पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रत्येक मामले के गुण दोष पर विचार करते हुए और बैंक की समग्र वित्तीय स्थिति, उसके प्रबंध-तंत्र की गुणवत्ता, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की दक्षता, लाभप्रदता तथा अन्य प्रासंगिक बातों को ध्यान में रखते हुए चयनित रुप से विचार किया जाता है ।

2.2 राज्य /केन्द्रीय सरकार द्वारा कारोबार करने हेतु अपेक्षाएँ

यदि कोई शाखा सरकारी कारोबार करना चाहती है तो उसे संबंधित सरकारी प्राधिकरण के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन लेना होगा । क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को राज्य सरकार का कारोबार करने के लिए उस क्षेत्राधिकार में आने वाले भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक से तथा केन्द्र सरकार का कारोबार करने के संबंध में सरकारी और बैंक लेखा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, मुम्बई से सम्पर्क करना होगा ।

2.3 एरिया कार्यालय खोलना

50 से अधिक शाखाओं वाले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को प्रत्येक 25 शाखाओं के लिए एक एरिया कार्यालय के अनुपात में एरिया कार्यालय खोलने की अनुमति है । एरिया कार्यालयों को बैंकिंग कारोबार करने की अनुमति नहीं है । तथापि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसा कार्यालय खोलने से पहले भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से लाइसेंस प्राप्त कर लें । क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन के बिना स्वविवेक से इन कार्यालयों का स्थान परिवर्तन कर सकते हैं अथवा इन्हें बन्द कर सकते हैं । तथापि, अभी तक एरिया कार्यालय के स्थान परिवर्तन के लिए बैंक को संबंधित कार्यालय का स्थान परिवर्तन करने से पहले भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से लाइसेंस में आवश्यक संशोधन प्राप्त करना अपेक्षित था । आगे से, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एरिया कार्यालय / कार्यालयों का स्थान परिवर्तन कर सकते हैं लेकिन उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय (ग्राआऋवि) को लाइसेंस शीघ्रातिशीघ्र , लेकिन स्थान परिवर्तन की तारीख से 3 माह के भीतर, प्रस्तुत किया जाए ताकि उसमें नया पता जोड़ा जा सके । ऐसे कार्यालयों के विलय के संबंध में कार्यालय के विलय होने के तुरन्त बाद लाइसेंस भारतीय रिज़र्व बैंक के ग्राआऋवि के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को निरसन के लिए सौंप देना चाहिए तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के सांख्यिकीय विश्लेषण और कम्प्यूटर सेवा विभाग को इसकी सूचना देना चाहिए ।

2.4 प्राधिकार करने और लाइसेंसों की वैधता

वर्तमान में, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को शाखाएँ खोलने के लिए प्राधिकार देने का कार्य उनसे प्राप्त अनुरोध पर (नाबार्ड के माध्यम से) प्रत्येक मामले के गुणदोषों के आधार पर किया जाता है । इन प्राधिकारों का उपयोग शीघ्रता से किया जाना सुनिश्चित करने तथा शाखा की वास्तविक रुप से स्थापना के मद्देनज़र यह निर्णय लिया गया है कि प्राधिकार की अधिकतम वैधता 2 वर्ष की जाए ।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षा की जाती है कि वे भारतीय रिज़र्व बैंक (ग्राआऋवि) के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से कार्यालय / शाखा खोलने से पहले आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करें । ऐसा

पाया गया है कि कुछ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक लाइसेंस तो ले लेते हैं लेकिन पर्याप्त समय बीत जाने के बाद भी शाखा नहीं खोलते हैं और बार-बार लाइसेंस के पुनः वैधीकरण हेतु क्षेत्रीय कार्यालय से सम्पर्क करते हैं । अतः क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, कार्यालय / शाखा खोलने हेतु मूलभूत तैयारी के बाद ही लाइसेंस के लिए क्षेत्रीय कार्यालय से सम्पर्क करें ।

साथ ही, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अकसर उस गली / मार्ग का नाम परिवर्तित होने पर, जहाँ वह शाखा स्थित है, शाखा के नाम में परिवर्तन के लिए अनुमोदन के लिए सम्पर्क करते हैं । चूंकि शाखा के स्थित होने के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, अतः बैंकों को ऐसे मामले में लाइसेंस में सुधार करने के लिए अनुरोध अथवा सम्पर्क करने की आवश्यकता नहीं है परन्तु वे भारतीय रिज़र्व बैंक (ग्राआक्रवि) के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय और डेसाक्स, मुम्बई को इस परिवर्तन से अवगत करा दें । तालुक / जिले के नाम में परिवर्तन होने अथवा जिलों के पुनर्गठन अथवा नए राज्यों के बनने से भी परिवर्तन हो सकते हैं । ऐसी स्थितियों में भी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को संबंधित लाइसेंस क्षेत्रीय कार्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है, वे सरकार की अधिसूचना के आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय और डेसाक्स, मुम्बई को सूचित करते हुए, नए नाम अपना सकते हैं ।

यदि नाम में कोई परिवर्तन इस आशय से किया जाना है कि उसी स्थान पर एक ही नाम की विभिन्न बैंकों की शाखाओं में होने वाले भ्रम को दूर किया जा सके अथवा किन्हीं अन्य न्यायोचित स्थितियों में नाम में परिवर्तन किया जाना हो तो ऐसे अनुरोध भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भेजे जाएँ और ऐसे अनुरोध भारतीय रिज़र्व बैंक (ग्राआक्रवि) के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रेषित किए जाएँ और ऐसे अनुरोध भेजते समय संबंधित लाइसेंस और अग्रेषण पत्र भी साथ भेजे जाएँ ।

3. शाखाओं का स्थान बदलना

3.1 ग्रामीण केन्द्रों पर खंड और सेवा क्षेत्र में

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ग्रामीण केन्द्रों में शाखाओं का स्थान बदलने का कार्य रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना कर सकते हैं, जो निम्नलिखित शर्तों के अनुपालन पर निर्भर होगा :

- मौजूदा और प्रस्तावित दोनों केन्द्र उसी खंड (ब्लॉक) और शाखा के सेवा क्षेत्र में होने चाहिए ।
- यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि नये स्थान पर शाखा उन गांवों की बैंकिंग आवश्यकताओं को पर्याप्त रुप से पूरा कर सकेगी जो सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण के अंतर्गत आबंटित किये गये हैं ।

3.2 अर्ध शहरी केंद्रों पर

यदि अर्ध शहरी केंद्रों पर स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की शाखाओं को सेवा क्षेत्र आबंटित किया गया हो तो अर्धशहरी केंद्रों की शाखाओं के स्थान बदलने के लिए वही मानदंड लागू होंगे जो ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शाखाओं पर लागू होते हैं । जहां कोई सेवा क्षेत्र आबंटित न किया गया हो वहां क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना उसी अवस्थिति (लोकेलिटी) / नगरपालिका वार्ड के अंदर ही स्थान बदल सकते हैं । तथापि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्थान बदलने के कारण वह लोकेलिटी / वार्ड बैंक सेवारहित न हो जाये ।

3.3 शहरी / महानगरीय केंद्रों पर

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शहरी / महानगरीय केंद्रों पर स्थित अपनी शाखाओं का भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना उसी अवस्थिति (लोकेलिटी) / नगरपालिका वार्ड के अन्दर ही स्थान बदल सकते हैं ।

अर्ध शहरी / शहरी / महानगरीय केन्द्रों में अवस्थिति / म्युनिसिपल वार्ड से बाहर शाखाओं का स्थान बदलने के संबंध में, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से पूर्वानुमोदन प्राप्त करना होगा ।

3.4 प्रक्रियागत सरलीकरण

अभी तक प्रक्रिया के रुप में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षा की जाती थी कि वे स्थान परिवर्तन से पहले भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से लाइसेंस में परिवर्तन कराएँ । अब से, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ऊपर निर्दिष्ट किए अनुसार शाखाओं का स्थान परिवर्तन कर सकते हैं (पैरा 3.1 से 3.3 तक) लेकिन वे यह सुनिश्चित करें कि लाइसेंस भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय (ग्राआऋवि) को लाइसेंस में नया पता सम्मिलित करने के लिए अतिशीघ्र, लेकिन शाखा के स्थान परिवर्तन की तारीख से तीन माह के बाद नहीं , प्रस्तुत किया जाता है ।

4. पूर्ण शाखाओं का अनुषंगी / चलते फिरते कार्यालयों में परिवर्तन

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ग्रामीण केन्द्रों में अपनी हानि वाली वर्तमान शाखाओं को अनुषंगी (सैटेलाइट) /चलते फिरते कार्यालय में परिवर्तित करने की जरुरत पर लागत-लाभ पहलू, विद्यमान ग्राहकों को होनेवाली असुविधाओं, जिला ऋण योजना तैयार करने में कार्यनिष्पादन पर परिवर्तन के प्रभाव तथा प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को ऋण प्रदान करने जैसी बातों को ध्यान में रखकर स्वयं निर्णय लें ।

4.1 अनुषंगी कार्यालय

अनुषंगी कार्यालय स्थापित करने के लिए बैंकों को निम्नलिखित दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए ।

(क) आसपास के गांवों में निश्चित परिसरों में अनुषंगी कार्यालय स्थापित किये जाने चाहिए और उन्हें केन्द्रीय गांव/खंड मुख्यालयों में स्थित आधार शाखा से नियंत्रित और परिचालित किया जाना चाहिए ।

(ख) प्रत्येक अनुषंगी कार्यालय को सप्ताह में कुछ निर्दिष्ट दिनों में (कम से कम दो बार) निर्दिष्ट घंटों के लिए कार्य करना चाहिए ।

(ग) इन कार्यालयों में सभी प्रकार के बैंकिंग लेनदेन किये जाने चाहिए ।

(घ) अनुषंगी कार्यालयों के ग्राहकों को आधार शाखा में ऐसे कार्यालयों के गैर-परिचालन दिनों में कारोबार करने की अनुमति दी जानी चाहिए ।

(ड़) यद्यपि प्रत्येक अनुषंगी कार्यालय के लिए अलग लेजर/रजिस्टर/स्क्रोल रखे जा सकते हैं, इन कार्यालयों में किये जानेवाले सभी लेनदेन आधार शाखा की खाता बहियों में शामिल किये जाने चाहिए ।

(च) आधार शाखा से संबध्द स्टाफ, जिसमें अधिमानतः पर्यवेक्षी स्टाफ का एक सदस्य, कैशियर एवं लिपिक तथा एक सशस्त्र गार्ड शामिल हों, अनुषंगी कार्यालयों में प्रतिनियुक्त किया जाये ।

(छ) फर्नीचर, मार्गस्थ नकदी के बीमा आदि की पर्याप्त व्यवस्था हो ।

ग्रामीण क्षेत्रों से इतर क्षेत्रों में शाखाओं के अनुषंगी कार्यालयों में परिवर्तन की अनुमति नहीं है ।

4.2 चलते -फिरते कार्यालय

चलते-फिरते कार्यालयों की योजना की परिकल्पना में पूर्णतः संरक्षित वैन के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करना है, जिसमें बैंक के दो या तीन अधिकारियों के बैठने तथा उनके साथ बहियों, नकदी वाली सेफ आदि की व्यवस्था हो । चलता-फिरता यूनिट सेवा के लिए प्रस्तावित स्थानों पर कतिपय निर्दिष्ट दिनों / घंटों के लिए जायेगा । चलता-फिरता कार्यालय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की किसी शाखा के साथ संबध्द होगा । चलते-फिरते कार्यालय को उन ग्रामीण स्थानों में नहीं जाना चाहिए जिनमें सहकारी बैंक सेवा प्रदान कर रहे हैं और जिन स्थानों में वाणिज्य बैंक कार्यालयों की नियमित सेवाएं उपलब्ध हैं ।

5. विस्तार काउंटर खोलना

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक उन संस्थाओं के परिसर में विस्तार काउंटर खोल सकते हैं, जिनके वे प्रधान बैंकर हैं, परन्तु इस प्रयोजन के लिए उन्हें पहले भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय (ग्राआऋवि) से लाइसेंस प्राप्त करना होगा । विस्तार काउंटर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के मुख्य कार्यालयों और बड़े कार्यालयेां/फैक्ट्रियों, अस्पतालों, सैन्य यूनिटों, शैक्षणिक संस्थाओं आदि के परिसरों में खोले जा सकते हैं, जहां ऐसे स्टाफ / कामगारों, विद्यार्थियों का बड़ा वर्ग है जिनके लिए अपने एक जैसे कार्य के घंटे होने और उचित दूरी तक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण अपने बैंकिंग लेनदेन करना कठिन हो । विस्तार काउंटरों को सीमित स्वरुप के बैकिंग कारोबार करने चाहिए, जैसे

- जमा / आहरण लेन-देन
- ड्राफ्ट जारी करना और भुनाना तथा डाक अंतरण
- यात्री चेक जारी करना और भुनाना
- गिफ्ट चेकों की बिक्री
- बिलों की उगाही
- अपने ग्राहकों की सावधि जमाराशियों पर अग्रिम (जो विस्तार काउंटर के संबंधित अधिकारी को प्राप्त मंजूरी देने की शक्ति के भीतर हो)
- सुरक्षा जमा लॉकर सुविधा (बशर्ते पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्थाएं की गयी हों)

साथ ही, यदि विस्तार काउंटर का सरकारी कारोबार करने का प्रस्ताव है तो इसके लिए संबंधित सरकारी प्राधिकारी तथा भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, सरकारी और बैंक लेखा विभाग का पूर्व अनुमोदन अपेक्षित होगा जैसा कि ऊपर पैरा 2.2 में विहित है ।

आवासीय कॉलोनियों, शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों, बाजार के स्थानों तथा पूजा स्थलों आदि में विस्तार काउंटर खोलने की अनुमति नहीं है ।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को विस्तार काउंटर खोलने से पहले लाइसेंस के लिए आवेदन करते समय अनुबंध II में दिये गये फार्मेट के भाग I और II में प्रस्तावित विस्तार काउंटरों का ब्योरा ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रस्तुत करना चाहिए ।

6. विस्तार काउंटरों का पूर्ण शाखाओं के रुप में दर्जा बढ़ाना

6.1 बैंकों को विस्तार काउंटरों का पूर्ण शाखाओं के रुप में दर्जा बढ़ाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय (ग्राआऋवि) का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना चाहिए । ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा प्रस्तावों पर विचार निम्नलिखित शर्तें पूरी होने पर किया जाता है :

- विस्तार काउंटर कम से कम पांच वर्ष से कार्य कर रहा हो ।
- पिछले एक वर्ष के दौरान जमा खातों की संख्या 2000 से ऊपर गयी हो ,
- पिछले तीन वर्षों की औसत जमाराशि (अर्थात् मासिक आधार पर) 2 करोड़ रुपये से कम न हो ।

6.2 जिन प्रस्तावों में उपर्युक्त शर्तों में से कोई शर्त पूर्णतः पूरी नहीं की गयी हो, परन्तु वह संबंधित विस्तार काउंटर शाखा के रुप में अन्यथा परिवर्तन योग्य हो गयी हो, तो ऐसे मामलों के संबंध में प्रत्येक मामले के गुण-दोषों के आधार पर विचार किया जायेगा ।

7. केंद्रों का वर्गीकरण / पुन:वर्गीकरण

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को यह सूचित किया गया है कि वे जिन केन्द्रों के जनसंख्या समूह वर्गीकरण के बारे में आश्वस्त नहीं हैं उनके बारे में नयी शाखाएं खोलने के लिए ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग से संपर्क करने से पहले, सांख्यिकीय विश्लेषण और कंप्यूटर सेवा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंकिंग सांख्यिकी प्रभाग, सी-8/9, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई 400 051 से उक्त वर्गीकरण को सुनिश्चित कर लें । केंद्रों के पुनः वर्गीकरण के संबंध में कोई प्रश्न हो तो वह भी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय द्वारा परिवर्तन के समर्थन में संबंधित दस्तावेजों, जैसे राजपत्र की अधिसूचना, आदि सहित सांख्यिकीय विश्लेषण और कंप्यूटर सेवा विभाग को भेजा जाना चाहिए ।

8. ऐसे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जो सेवा क्षेत्र दायित्व से मुक्त हैं

ऐसे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को, जो वर्तमान में सेवा क्षेत्र दायित्व से मुक्त हैं, आम तौर पर नयी शाखाएं खोलने की अनुमति नहीं है । तथापि, वह तालुका / खंड मुख्यालयों, गांव के बाज़ारों, मंडियों, कृषि उत्पाद केंद्रों या इसी तरह के केन्द्रों (इसके बाद 'निर्दिष्ट केन्द्र' के रुप में उल्लिखित) में, अधिमानतः एक ही खंड में, अपनी हानिवाली शाखाओं का स्थान पुनः निर्धारित कर सकते हैं । इसके विकल्प के रुप में वे अपनी हानिवाली शाखाओं को अनुषंगी / चलते-फिरते कार्यालयों में परिवर्तित कर सकते हैं । साथ ही, जहां किसी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की दो हानिवाली शाखाएं एक-दूसरे के समीप हैं (अर्थात् लगभग 5 कि.मी. की दूरी के भीतर) वहां वे दोनों शाखाओं के विलय के बारे में विचार कर सकते हैं ।

9. ऐसे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक जो सेवा क्षेत्र दायित्व से मुक्त नहीं हैं

(क) ऐसे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिन्हें सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण का पालन करना है, अपने सेवा क्षेत्र के भीतर ही निर्दिष्ट केन्द्रों की अपनी हानिवाली शाखाओं का स्थान पुनः निर्धारित कर सकते हैं या हानिवाली शाखाओं को अनुषंगी / चलते - फिरते कार्यालयों में परिवर्तित करने पर विचार कर सकते हैं, बशर्ते इस प्रकार के परिवर्तन से सेवा क्षेत्र दायित्वों का निरंतर कार्यनिष्पादन प्रभावित न हो ।

(ख) साथ ही, यदि भौगोलिक रुप से समीपवर्ती सेवा क्षेत्र में लगभग 5 कि.मी. की दूरी के भीतर उसी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की दूसरी शाखा कार्यरत हो, तो वे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक स्थानिक फैलाव को युक्तिसंगत बनाने तथा स्थापना / परिचालन खर्च कम करने के उद्देश्य से दोनों शाखाओं के विलयन पर विचार कर सकते हैं ।

(ग) भारतीय रिज़र्व बैंक चयनात्मक आधार पर, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा अपने परिचालन क्षेत्र के भीतर निर्दिष्ट केन्द्रों में नयी शाखाएं खोलने के प्रस्ताव पर विचार कर सकता है, बशर्ते कि वे पैरा 1.2 में निर्दिष्ट शर्तें पूरी करते हों ।

10. शाखाएं खोलने और शाखाओं के विलय के लिए अपनायी जानेवाली प्रक्रिया

कारोबार के नये स्थल खोलने (सेवा क्षेत्र के दायित्व के अंतर्गत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा) तथा सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा शाखाओं के विलय संबंधी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के प्रस्ताव अपने

निदेशक मण्डल तथा जिला परामर्शदात्री समिति के उप-समूह* द्वारा अनुमोदित किये जाने चाहिए और उन्हें संबंधित प्रायोजक बैंक की सिफारिश के साथ नाबार्ड को प्रस्तुत किया जाना चाहिए । नाबार्ड द्वारा विधिवत् रुप से सिफारिश किये गये प्रस्तावों को पूर्वानुमोदन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के केन्द्रीय कार्यालय, ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग को भेजा जाना अपेक्षित है ।

*तथापि, जिन शाखाओं में अतिरिक्त स्टाफ की भर्ती नहीं की जानी हो, वहां शाखाएं खोलने के लिए जिला परामर्शदात्री समिति के उप-समूह का अनुमोदन आवश्यक नहीं है ।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा विस्तार काउंटर खोले जाने के लिए उनके निदेशक मंडल का पूर्वानुमोदन तथा विस्तार काउंटर खोलने के पूर्व भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से लाइसेंस प्राप्त करना अपेक्षित है ।

11. शाखाओं को दूसरे स्थान पर ले जाने और उनके परिवर्तन के लिए अपनायी जानेवाली प्रक्रिया

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा शाखाओं को दूसरे स्थान पर ले जाने और शाखाओं को अनुषंगी / चलते-फिरते कार्यालयों में परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव अपने निदेशक बोर्ड तथा जिला परामर्शदात्री समिति के संबंधित उप-समूह द्वारा अनुमोदित किये जाने चाहिए । शाखाओं को दूसरे स्थान पर ले जाने / परिवर्तन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन आवश्यक नहीं है, परन्तु क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को शाखाओं को परिवर्तित करने के पहले भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से लाइसेंस में आवश्यक आशोधन प्राप्त करना अपेक्षित है । तथापि स्थान परिवर्तन के मामले में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षा की है कि वे उपर्युक्त पैरा 3.4 में निर्दिष्ट किए अनुसार मामले में सरलीकृत प्रक्रिया का पालन करें ।

12. शाखा बैंकिंग के संबंध में विवरणियां प्रस्तुत करना

(i) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए कारोबार का स्थान खोलने के तुरंत बाद, उसके खोलने की तारीख और कार्यालय / शाखा का ठीक पता, केन्द्रीय कार्यालय तथा ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को सूचित करना आवश्यक है ।

(ii) बैंककारी विनियमन (कंपनी) नियमावली, 1949 के नियम 13 के अनुसार बैंकों के लिए यह आवश्यक है कि वे प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के एक महीने के भीतर फार्म VII में भारत में अपने कार्यालयों से संबंधित सूची भारतीय रिज़र्व बैंक के उस राज्य में स्थित कार्यालय को प्रस्तुत करें जहां उनका प्रधान कार्यालय है ।

(iii) साथ ही, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को दिनांक 6 जुलाई 2005 के परिपत्र ग्राआऋवि. केका. आरआरबी.बीसी. 10/03.05.90ए/2005-06 (भारिबैं/2005-06/46) में सूचित किए अनुसार अनुबंध III में दिये गये प्रोफार्मा में तिमाही के दौरान खोले गये नये कार्यालयों / शाखाओं तथा वर्तमान कार्यालयों / शाखाओं के विलय आदि के कारण स्थिति में हुए परिवर्तन से संबंधित विवरणियां सांख्यिकीय विश्लेषण और कंप्यूटर सेवा विभाग (बैंकिंग सांख्यिकी प्रभाग) तथा ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को उस तिमाही की समाप्ति के 14 दिन के भीतर जिससे वह संबंधित है, प्रस्तुत करनी चाहिए । तिमाही के दौरान किसी कार्यालय/ शाखा / एनएआइओ (विस्तार काउन्टरों, अनुषंगी कार्यालयों, एटीएम इत्यादि) खोले जाने / बन्द करने अथवा स्थिति में परिवर्तन होने के संबध में कुछ भी रिपोर्ट करने के लिए न होने पर सांख्यिकीय विश्लेषण और कंप्यूटर सेवा विभाग और ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को "कुछ नहीं" विवरणी भेजी जाए ।

अनुबंध - I
(पैराग्राफ - 1.1)

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 23 के अंतर्गत कारोबार का नया स्थान खोलने अथवा कारोबार के वर्तमान स्थान को बदलने (उसी शहर, कस्बे या गाँव को छोड़कर अन्य स्थान पर) की अनुमति के लिए आवेदन पत्र -
बैंककारी विनियमन (कंपनी) नियमावली, 1949, नियम 12 फार्म VI

1. बैंकिंग कंपनी का नाम :

2. प्रस्तावित कार्यालय :
(निम्नलिखित जानकारी दें)

(क) शहर / कस्बे / गांव का नाम :
(यदि स्थान के एक से अधिक नाम हों, तो संबंधित जानकारी भी प्रस्तुत की जानी चाहिए)

(ख) मुहल्ले / स्थान का नाम :

(ग) (i) खंड (ब्लॉक), (ii) तहसील (i) (ii)
(iii) जिला (iv) राज्य का नाम (iii) (iv)

(घ) (i) गांव , (ii) विकास खंड (ब्लॉक) की आबादी
(i) (ii)

(ड़) प्रस्तावित कार्यालय का स्तर (स्टेटस)

(च) प्रस्तावित कार्यालय तथा वाणिज्य बैंक के निकटतम वर्तमान कार्यालय के बीच की दूरी, बैंक एवं केन्द्र/ मुहल्ले के नाम सहित :

(छ) 5 कि.मी. के घेरे में कार्यरत वाणिज्य बैंकों के नाम और उनके कार्यालयों की संख्या, उन केन्द्रों के नाम के साथ जिनमें वे कार्यरत हों :

(ज) विकास खंड (ब्लॉक) में बैंक की शाखाओं की सं. :

अन्य बैंकों की शाखाएं :

3. पिछला आवेदन :
(यदि प्रस्तावित कारोबारी स्थान के संबंध में रिज़र्व बैंक को पहले कोई आवेदन प्रस्तुत किया गया हो तो उसका ब्योरा दें)

4. प्रस्तावित कार्यालय खोलने के लिए कारण : :
(प्रस्तावित कार्यालय के लिए ब्यौरेवार कारण बतायें तथा निम्नानुसार सांख्यिकी एवं अन्य आंकड़े प्रस्तुत करें, जिनका संकलन प्रस्तावित कार्यालय के लिए किया गया हो)

(i) स्थान की जनसंख्या :

(ii) प्रस्तावित कार्यालय के कमान क्षेत्र (अर्थात् परिचालन के क्षेत्र) के विवरण :

(क) कमान क्षेत्र की अनुमानित त्रिज्या (रेडियस) :

(ख) कमान क्षेत्र में गांवों की संख्या :

(ग) कमान क्षेत्र की आबादी :

(iii) निम्नलिखित प्रारुप में प्रस्तावित कार्यालय के परिचालन क्षेत्र में कृषि, खनिज और औद्योगिक उत्पादन की तथा आयात और निर्यात की मात्रा और मूल्य :

वस्तु का नाम	**उत्पादन**		**आयात**		**निर्यात**	
	मात्रा	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

(iv) यदि कृषि, खनिज अथवा औद्योगिक विकास के लिए योजनाएं हों तो उनका ब्यौरा दें तथा वर्तमान

उत्पादन, आयात और निर्यात की मात्रा और मूल्य पर उनके संभावित प्रभाव का उल्लेख करें

(v) यदि वर्तमान बैंकिंग सुविधाएं अपर्याप्त समझी जायें, तो उसके कारण बतायें

(vi) संभावनाएं : प्रस्तावित कार्यालय में 12 महीने के भीतर बैंकिंग कंपनी द्वारा किये जानेवाले न्यूनतम कारोबार की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार दर्शायें

(क) जमाराशियां : रु.

(ख) अग्रिम : रु.

5. वर्तमान कार्यालय की स्थिति में परिवर्तन (उस कार्यालय की सही स्थिति बतायें, जिसे बंद करने का प्रस्ताव है तथा मद 2, 3 और 4 के अनुसार नये स्थान का ब्यौरा देते हुए उस स्थान की सही स्थिति बतायें जहाँ इस कार्यालय को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है)

6. व्यय :		* अनुमानित वार्षिक व्यय
(प्रस्तावित कार्यालय के संबंध में स्टाफ, परिस नींचर, स्टेशनरी, विज्ञापन आदि पर पहले किय जा चुके अथवा प्रस्तावित व्यय की मात्रा । साथ ही, यह भी उल्लेख करें कि 12 महीनों में प्रस्तावित कार्यालय में बैंकिंग कंपनी को न्यूनतम कितनी आय होने की आशा है)	क) स्थापना प्रभार	रु.
	ख) स्टेशनरी और विविध	रु.
	ग) किराया और भवन	रु.
	घ) जमाराशियों पर अदा किये जानेवाला व्यय	रु.
	ड.)प्रधान कार्यालय से उधार ली गयी निधि पर ब्याज @...%	रु.
	कुल	रु.

अनुमानित वार्षिक आय

क) अग्रिमों पर ब्याज रु.

ख) कमीशन रु.

ग) विनिमय रु.

घ) उधार दी गयी निधि पर ब्याज रु.

प्रधान कार्यालय

कुल : रु.

अनुमानित लाभ रु.

7. अन्य विवरण :

(कोई अन्य अतिरिक्त तथ्य, जिसे बैंकिंग कंपनी अपने आवेदन के समर्थन में बताना चाहे)

* जो भाग लागू न हो उसे काट दें । यह जानकारी उन्हीं केन्द्रों के आवेदन के मामले में प्रस्तुत की जानी है जिनकी जनसंख्या एक लाख से कम हो ।

अनुबंध - II
(पैराग्राफ 5)

विस्तार काउंटर के लिए अनुरोध के संबंध में बैंक द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले विवरण

भाग - I

1. बैंक का नाम :

2. जिस संस्था में विस्तार काउंटर खोला जाना है : उसका नाम और डाक का पूरा पता

3. बैंक के मूल कार्यालय का नाम और पता, जिसके साथ विस्तार काउंटर को संबध्द किया जाना है :

4. i) मूल कार्यालय एवं प्रस्तावित विस्तार काउंटर के बीच की दूरी

   ii) प्रस्तावित विस्तार काउंटर और आवेदक बैंक के निकटतम कार्यालय (विस्तार काउंटर, चल (मोबाइल) कार्यालय सैटेलाइट कार्यालय आदि सहित) के बीच की दूरी

   iii) प्रस्तावित विस्तार काउंटर और अन्य बैंकों *(शहरी सहकारी बैंकों सहित) के निकटतम कार्यालयों /विस्तार काउंटरों, का प्रकार

बैंक का नाम	कार्यालय	दूरी
चल कार्यालयों आदि के बीच की दूरी	i)	
*काउंटर के लिए आवेदन करनेवाले बैंक से इतर	ii)	
	iii)	

iv) परिसरों में कार्यरत कर्मचारी को ऑप
क्रेडिट सोसाइटी, यदि कोई हो, के विवरण

5. i) जिस संस्था में विस्तार काउंटर स्थापित
किया जाना है उसके **प्रधान बैंकर** का नाम

ii) क्या संस्था ने विस्तार काउंटर के लिए
स्थान देने हेतु सहमति दे दी है ?

iii) क्या संस्था को अपने स्टाफ / कर्मचारियों /
कामगारों से इतर जनता को विस्तार काउंटर
के कैम्पस / परिसर के भीतर बैंकिंग सुविधाएं
प्राप्त करने की अनुमति देने में कोई आपत्ति
है ? यदि हो, तो उसके कारण

(उक्त बातों के समर्थन में आवेदन के भाग II में दिये गये निर्धारित प्रोफार्मा में संस्था के सक्षम प्राधिकारी से एक पत्र उक्त बातों के समर्थन में संलग्न किया जाना चाहिए ।)

6. (i) 5(i) में दी गयी संस्था के प्रधान बैंकर
से इतर बैंकर / बैंकरों का / के नाम
(ii) उक्त प्रत्येक बैंकर / बैंकरों के पास संस्था
के खातों की संख्या और उनकी
जमाराशियों की मात्रा

7. (i) संस्था के साथ विशिष्ट तौर पर संबध्द
जिस ग्राहक वर्ग की बैंकिंग आवश्यकताएं
पूरी की जानी हैं उसकी संख्या और उसके
प्रकार
(कृपया अलग-अलग आंकड़े दें)
स्टाफ
कामगार
छात्र
अध्यापक
अन्य * (नाम दें)

जोड़

(ii) अन्य सामान्य जनता आदि की अनुमानित संख्या, जिनकी जरुरतें पूरी की जाती हैं ।

8. (क) परिचालन के दो वर्षों में काउंटर पर निम्नलिखित से प्रत्याशित जमाराशियों की मात्रा :

	पहला वर्ष		दूसरा वर्ष	
	खातों की संख्या	राशि	खातों की संख्या	राशि
(i) संस्था के स्टाफ /कामगारों / छात्रों अध्यापकों * से				
(ii) संस्था से				
(iii) सामान्य जनता से				

(ख) नकद लेनदेनों की दैनिक मात्रा

	संख्या	**राशि**	**संख्या**	**राशि**

9. विस्तार काउंटर खोलने के कारण
10. प्रस्तावित विस्तार काउंटर में किये जाने वाले लेनदेनों का स्वरुप
11. बैंक द्वारा देय किराया (प्रासंगिक व्यय को छोड़कर), यदि कोई हो, की राशि, किराये की दर और विस्तार काउंटर बनाने के लिए प्रस्तावित क्षेत्र
12. क्षेत्र में प्रचलित अथवा राज्य / केन्द्र सरकार द्वारा अनुमोदित वाणिज्यिक किराये की दर
13. 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रस्ताव की अर्थक्षमता / आर्थिक पहलुओं के संक्षिप्त परिकलन

दिनांक : **(हस्ताक्षर और आवेदन बैंक की मोहर)**

जिस संस्था के परिसर में विस्तार काउंटर खोलने का प्रस्ताव है,
उसके सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जानेवाली घोषणा
भाग II

दिनांक . . . . . .

1. हमने . . . . . .के परिसर में उक्त संस्था @
(संस्था का नाम और पूरा पता)
से संबंध्द निम्नलिखित वर्गों के लाभ के लिए विस्तार काउंटर खोलने के लिए . . . . . .
. . . . . से अनुरोध किया है ।
(बैंक का नाम)

* कामगार . . . . . .
* स्टाफ / कर्मचारी . . . . कृपया वास्तविक संख्या
* छात्र अलग-अलग दर्शाये
* अध्यापक

@ (जहां यह पत्र जारी करने वाली प्राधिकारी द्वारा एक से अधिक ऐसी संस्थाओं का प्रबंधन किया जा रहा हो, जिन्हें विस्तार काउंटर का लाभ मिलने वाला हो, उन संस्थाओं के नाम/ विस्तार काउंटर के लिए प्रस्तावित स्थान से उनकी दूरी, प्रत्येक संस्था के साथ अलग-अलग संबध्द छात्रों / स्टाफ की संख्या आदि, उनके बैंकरों के नाम और दूरी भी अलग-अलग दर्शायी जानी चाहिए)

* (जो लागू न हो उसे काट दें)

2. (क) . . . . . हमारे प्रधान बैंकर हैं ।
(बैंक का नाम और स्थान)

हम निम्नलिखित बैंकरों (बैंकरों के नाम और संस्था से उनकी दूरी बतायें) के साथ भी लेनदेन करते हैं :

1. . . . . .
2. . . . . .
3. . . . . .
(ख) . . . . . को प्रधान बैंकर और अन्य बैंकरों के पास
(कृपया अद्यतन स्थिति बतायें)
हमारे खातों का ब्यौरा ।

बैंक का नाम	खाते (खातों) का प्रकार	राशि (रु. . . . . में)
1.		
2.		
3.		
4.		

3. हम अपनी संस्था के परिसर में विस्तार काउंटर खोलने के लिए आवश्यक स्थान प्रदान करने का वचन देते हैं (उक्त क्रम सं. 1 में उल्लिखित)
4. हमें बाहरी व्यक्तियों को विस्तार काउंटर का उपयोग करने की अनुमति देने पर कोई आपत्ति नहीं है ।
5. यदि प्रधान बैंकर से इतर बैंक को विस्तार काउंटर की अनुमति देने का प्रस्ताव हो तो उसके कारण ।

6. क्या इस प्रयोजन के लिए इसी तरह का पत्र किसी अन्य बैंकर को जारी किया गया है ?

(संस्था की ओर से सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर,
पदनाम का उल्लेख करते हुए और मोहर, यदि कोई हो)

आवेदक बैंक द्वारा भरा जाये

हमने पैरा 1 में संस्था द्वारा प्रस्तुत सूचना का सत्यापन कर लिया है और उसे सही पाया गया है ।

(हस्ताक्षर और आवेदक बैंक की मोहर)

आवेदक बैंक द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में विस्तार काउंटर के आवेदन के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक को यह प्रमाणपत्र मूल रुप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

अनुबंध III

(पैरा - 12)

<u>प्रोफार्मा - I</u>

खोली गयी नयी शाखा /कार्यालय/ऐसा कार्यालय जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है (एनएआईओ) का विवरण :

(कृपया प्रोफार्मा I तथा II भरने से पूर्व अनुदेश पढ़ें)

मदें

1. (क) वाणिज्य बैंक /अन्य वित्तीय संस्था / सहकारी संस्था का
नाम : _____

(ख) निम्नलिखित के लिए प्रोफार्मा :

बैंक की शाखा / कार्यालय ( )
ऐसा कार्यालय जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है (एनएआईओ) ( )
अन्य वित्तीय संस्था की शाखा / कार्यालय ( )

(उचित खाने में सही (/) का निशान लगाएं)

(ग) एकसमान कूट भाग I (7/9 अंक) | | | | | | | | |
(अनुदेश **I, II, III** देखें; **स्पष्टीकरण भी देखें**) (**एनएआईओ** के लिए)

भाग -II (7 अंक) | | | | | | | |
(भारतीय रिज़र्व बैंक आबंटित करेगा)
(अनुदेश **I,II,III** देखें; **स्पष्टीकरण भी देखें**)

2. (क) नयी शाखा /कार्यालय /**जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है ऐसे कार्यालय का नाम :** _____

(ख) भारतीय रिज़र्व बैंक संदर्भ संख्या _____
तथा प्राधिकरण की तारीख : | | | | | | | | |
दिन माह वर्ष

(ग) लाइसेन्स संख्या : _____
(भारिबैं से प्राप्त संख्या)

(घ) लाइसेन्स की तारीख :
(स्पष्टीकरण देखें)

दिन	माह	वर्ष

(ङ) क्या यह लाइसेन्स के पुनर्वैधीकरण का मामला है :

हां ( ) नहीं ( )

यदि हां, तो पुनर्वैधीकरण की तारीख दें (स्पष्टीकरण देखें) :

दिन	**माह**	**वर्ष**

3. नयी शाखा /कार्यालय /**ऐसा कार्यालय जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है,** को खोलने की तारीख **:**

दिन	**माह**	**वर्ष**

4. डाक पता :

4.1 भवन का नाम /नगरपालिका संख्या (यदि कोई हो) : _____

4.2 सड़क का नाम (यदि कोई हो) : _____

4.3 (क) डाक घर का नाम : _____

(ख) पिन कोड :

4.4 केंद्र में इलाके का नाम (राजस्व इकाई) : _____
(स्पष्टीकरण देखें)

4.5 तहसील /तालुका /उप-मंडल का नाम : _____

4.6 टेलीफोन नं./टेलेक्स नं. (एसटीडी कोड सहित) : _____

4.7 फैक्स नं. : _____

4.7 **ई-मेल पता** : _____

5. (क) केंद्र का नाम (राजस्व गांव /शहर /नगर /नगरपालिका /नगरपालिका निगम) जिसकी सीमाओं के भीतर शाखा / कार्यालय स्थित है : _____

(<u>यह अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है</u> : स्पष्टीकरण देखें)

(ख) सामुदायिक विकास खंड / विकास खंड /तहसील /तालुका /
उप-मंडल / मंडल / पुलिस थाने का नाम : ----------

(ग) ज़िले का नाम : _____

(घ) राज्य का नाम : _____

(ङ) नवीनतम जनगणना रिपोर्ट के अनुसार केंद्र
(राजस्व इकाई) की जनसंख्या : _____
(स्पष्टीकरण देखें)

6. **क्या आपके केंद्र में** अपनी शाखा / कार्यालय / जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है ऐसे कार्यालय के अलावा कोई अन्य प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र बैंक शाखा (शाखाएं) / कार्यालय है / हैं : हां : ( ) नहीं : ( )
(स्पष्टीकरण देखें तथा उचित खाने में सही (/) का निशान लगाएं)

7. (क) नयी शाखा /कार्यालय /जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है ऐसे कार्यालय की व्यावसायिक स्थिति (स्पष्टीकरण देखें):

<u>कूट</u> | | | <u>स्थिति **नाम**</u> : _____

(ख) जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है ऐसे कार्यालय के मामले में निम्नलिखित ब्योरे दें (स्पष्टीकरण देखें) :

(i) आधार शाखा /कार्यालय का नाम : _____
(ii) आधार शाखा / कार्यालय की एकसमान कूट संख्या

<u>भाग -I (7 अंक)</u> | | | | | | | |

भाग -II (7 अंक) | | | | | | | |

8. (i) (क) केंद्र सरकार के कारोबार की स्थिति :

(उचित खाने में सही (/) निशान लगाएं)

केंद्र सरकार के कारोबार का प्रकार

(1) ( ) सरकारी कारोबार नहीं है
(2) ( ) प्रत्यक्ष कर
(3) ( ) विभागीकृत मंत्रालयों का खाता (डीएमए)
(4) ( ) पेन्शन
(5) ( ) बांड निर्गम
(6) ( ) अन्य (यदि कुछ है तो उल्लेख करें) : _____

(ख) राज्य सरकार के कारोबार की स्थिति (अर्थात् राजकोषीय / उप-राजकोषीय कारोबार) : **(समुचित खाने में सही (/) निशान लगाएं)**

राजकोषीय /उप-राजकोषीय कारोबार का प्रकार (राज्य सरकार)

(1) ( ) सरकारी कारोबार नहीं है
(2) ( ) राजकोषीय कारोबार
(3) ( ) उप-राजकोषीय कारोबार
(4) ( ) पेन्शन
(5) ( ) बांड निर्गम
(6) ( ) अन्य (यदि कुछ है तो उल्लेख करें) : _____

(ii) क्या इस शाखा /कार्यालय से मुद्रा तिजोरी (करेन्सी चेस्ट) संबद्ध है : हां ( ) नहीं ( )

(अ) यदि 'हां' तो निम्नलिखित जानकारी दें :

(क) करेन्सी चेस्ट का प्रकार : क ( ) ख ( ) ग ( )
(उचित खाने में सही (/) निशान लगाएं ।

(ख)करेन्सी चेस्ट की स्थापना की तारीख : | | | | | | | | | |
दिन माह वर्ष

(ग) करेन्सी चेस्ट कूट संख्या : | | | | | | | | |

(मुद्रा प्रबंध विभाग द्वारा आबंटित 8 अंकीय कूट संख्या यहां लिखें)

(घ) जहां करेन्सी चेस्ट स्थित है उस क्षेत्र के प्रकार का उल्लेख करें :
("क्षेत्र का प्रकार" कूट का उल्लेख करें; स्पष्टीकरण देखें)

कूट ☐ क्षेत्र का प्रकार : _____

(आ) यदि 'नहीं' तो, करेन्सी चेस्ट सुविधा वाली निकटतम शाखा /कार्यालय का विवरण दें :

(क) बैंक का नाम : _____

(ख) शाखा का नाम : _____

(ग) एकसमान कूट संख्या का भाग - I : | | | | | | | |

(घ) दूरी (कि.मी. में) : _____

(ङ) केंद्र का नाम : _____

(iii) क्या इस शाखा /कार्यालय से कोई आधान (रिपोजिटरी) संबद्ध है ? हां ( )नहीं ( )
(उचित खाने में सही (/) निशान लगाएं)

(iv) क्या इस शाखा /कार्यालय से छोटे सिक्कों का डिपो संबद्ध है ? हां ( ) नहीं ( )
(उचित खाने में सही (/) निशान लगाएं)

(v) **क्या** करेन्सी **चेस्ट /रिपोजिटरी /छोटे सिक्कों का डिपो सुविधा वाली शाखा से कोई**
ऐसा कार्यालय संबद्ध है जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है ?
(उचित खाने में सही (/) निशान लगाएं) हां ( ) नहीं ( )

9. शाखा /कार्यालय / ऐसा कार्यालय जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है द्वारा संचालित कारोबार का स्वरूप :
(उचित खाने /खानों में सही (/) निशान लगाएं)

नाम

(1) ( ) बैंकिंग कारोबार
(2) ( ) मर्चंट बैंकिंग कारोबार
(3) ( ) विदेशी मुद्रा
(4) ( ) स्वर्ण जमा
(5) ( ) बीमा
(6) ( ) प्रशासनिक /नियंत्रक कार्यालय
(7) ( ) प्रशिक्षण केंद्र
(8) ( ) अन्य (यदि कोई है तो कृपया उल्लेख करें) : _____

10. (क) शाखा / कार्यालय की
प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी : ए ( ) बी ( ) सी ( )
(उचित खाने में सही (/) निशान लगाएं)

(ख) प्राधिकार देने की तारीख | | | | | | | | |
दिन माह वर्ष

(ग) 'सी' श्रेणी के कार्यालय के मामले में, उस 'ए ' अथवा 'बी' श्रेणी की शाखा / कार्यालय का नाम तथा एकसमान कूट संख्याएं लिखें जिसके माध्यम से उसके विदेशी मुद्रा लेनदेनों का निपटान होता है :

(i) शाखा /कार्यालय का नाम : _____

(ii) शाखा / कार्यालय की एकसमान कूट संख्याएं :

भाग - I | | | | | | | | (7 अंक) भाग - II | | | | | | | | (7 अंक)

11. शाखाा /कार्यालय की प्रौद्योगिकी सुविधा :
(उचित खाने में सही (/) निशान लगाएं)

प्रौद्योगिकी सुविधा

(1) ( ) अब तक कंम्यूटरीकृत नहीं है
(2) ( ) अंशतः कंप्यूटरीकृत
(3) ( ) पूर्णतः कंप्यूटरीकृत

12. शाखा /कार्यालय / जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं हैं ऐसे कार्यालय में उपलब्ध संचार सुविधा :

